-:प्रेस नोट दिनांक 02.06.25:-
थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली ।

<u>थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली पुलिस टीम द्वारा ग्राम टिसुआ, थाना फतेहगंज पूर्वी, बरेली में हुयी इंजन चोरी का सफल अनावरण करते हुए 02 चोरो को मय चोरी किये गये इंजन के साथ किया गिरफ्तार।</u>

थाना फतेहगंज पूर्वी पुलिस की टीम द्वारा उचसिया मोड़ से लगभग 80 मीटर दूरी पर ग्राम टिसुआ थाना फतेहगंज पूर्वी, बरेली में हुयी इंजन चोरी का सफल अनावरण करते हुए 02 चोर 1. नईम पुत्र फखरुद्दीन उम्र करीब 21 वर्ष 2. अमन पुत्र राजू उम्र करीब 20 वर्ष नि0 गण ग्रा0 टिसुआ थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली को चोरी किये गये एक इंजन के साथ किया गया गिरफ्तार। फर्द बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर इंजन चोरी के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 217/25 धारा 303(2) बीएनएस में धारा 317(2) की बढ़ोत्तरी की गयी।

<u>संक्षिप्त विवरणः-</u>
दिनांक 01.06.2025 को वादी श्री गुड्डू पुत्र रफीक नि0 ग्रा0 टिसुआ थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली की तहरीरी सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 217/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया टिसुआ में गुड्डू के खेत से इंजन चुराया था उसे हम मोटरसाइकिल वाली ठिलिया में रखकर किसी कबाड़ी के पास बेचने जा रहे थे। हमारे साथ उस चोरी में 02 और साथी जिनका नाम शिबू पुत्र खुशी मोहम्मद व दूसरे का नाम आजिद पुत्र राशिद नि0 गण ग्रा0 टिसुआ थाना फतेहगंज पूर्वी भी शामिल थे, मौके से फरार हो गये । हम चारों लोगों ने ही साथ मिलकर गुड्डू के खेत से इंजन चुराया था। गुड्डू को हम जानते है। इंजन चुराने के लिये शिबू अपनी मोटरसाइकिल वाली ठिलिया लेकर आया था और हम चारों लोग एक राय होकर उक्त चोरी किये गये इंजन को ठिलिया मे रखकर किसी कबाड़ी के पास बेचने जा रहे थे तो हमारी मोटरसाइकिल वाली ठिलिया का उचसिया वाली मोड़ पर पेट्रोल खत्म हो गया था और पेट्रोल की व्यवस्था होने तक हम लोगों ने ठिलिया को धक्के मारकर उचसिया मोड़ पर खड़ा करने हेतु ले गये । जिस कबाडी को यह इंजन बेचने वाले थे उसके विषय में पूछा गया तो बताया हम चारों लोग रास्ते में किसी भी कबाड़ी को इंजन बेच देते हैं।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>
1.नईम पुत्र फखरुद्दीन उम्र करीब 21 वर्ष नि0 ग्रा0 टिसुआ, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
2.अमन पुत्र राजू उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्रा0 टिसुआ, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
<u>वांछित अभियुक्तः-</u>
1.शिबू पुत्र खुशी मोहम्मद नि0 ग्रा0 टिसुआ, थाना फतेहंगज पूर्वी, जनपद बरेली।
2.आजिद पुत्र राशिद नि0 ग्रा0 टिसुआ, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली
<u>अभियुक्त नईम उपरोक्त का आपराधिक इतिहास</u>-
मु0अ0सं0 132/19 धारा 41/102 सीआरपीसी व 411 भादवि थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
मु0अ0स0 217/25 धारा 303(2)/317 (2) बीएनएस थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
<u>अभियुक्त अमन उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-</u>
1. मु0अ0सं0 330/20 धारा 147/323/324/427/504/506 भादवि
2. मु0अ0सं0 217/25 धारा 303(2)/317 (2) बीएनएस थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>
01 चोरी का इंजन जिस पर J.K KING DIESEL ENGINE RAJKOT लिखा है तथा टापे पर TIGER DIESEL की टंकी OK TESTED लिखा है, रंग हरा है तथा इंजन के साथ लोहे की फाउंडेशन से पंखा जुडा है एवं पानी निकलने के पाइप जुडा है ।
<u>पुलिस टीमः-</u>
1.प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार, थाना फतेगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
2.उ0नि0 श्री सुनील कुमार चौधरी, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
3.उ0नि0 श्री रोहित सिंह, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
4.हे0का0 677 नीरज कुमार, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
5.हे0का0 326 जमशेद, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
6.का0 3861 गौतम सिंह, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।